# क्षेत्रीय कार्यालय

Rajasthan

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)


रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–326 / 829–837 दिनांक 22-06-26

M/s Rajasthan State Road Development &
Construction Corporation Limited,
Rio Setu Bhawan, Opp. Jhalana Doongri,
Jaipur Agra Bye Pass,
Jaipur- Rajasthan - 302004

**विषय** : दिनाँक 30.07.2026 को आयोजित की जाने वाली पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई बाबत्।

**सन्दर्भ** : अति. जिला कलक्टर, भरतपुर का पत्रांक राजस्व / 15 / 1 (4) 2025 / 4775 दिनांक 21.06.2026।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि मैसर्स राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेन्ट एण्ड कन्सट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 4 / 6 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे (पैकेज–4, व्याबर से भरतपुर एक्सप्रेसवे) (कुल लम्बाई 277.0 किलोमीटर) परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 30.07.2026 को 11.00 ए.एम. बजे, बांगड फील्ड बयाना तहसील बयाना जिला भरतपुर** में (जिला भरतपुर के भाग हेतु) आयोजित की जानी है।

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनाँक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अतः संलग्न प्रारूप में जन सुनवाई हेतु **"आम सूचना"** एक मुख्य दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक क्षेत्रीय भाषा के दैनिक समाचार पत्र में दिनाँक 29.06.2026 से पूर्व प्रकाशित कराया जाना जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म., भरतपुर
o/c

**प्रतिलिपि** :– पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट ड्राफ्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार (Hindi & English) सहित निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1. कार्यालय जिला कलक्टर, भरतपुर।
2. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर।
4. कार्यालय उप खण्ड अधिकारी, तहसील बयाना, जिला भरतपुर।
5. कार्यालय पंचायत समिति, बयाना जिला भरतपुर।
6. परियोजना निदेशक, आर.एस.आर.डी.सी., भरतपुर।
7. अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, भरतपुर।
8. ए.सी.पी., राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन हैं कि इसे वेब साईट पर दर्शाने का श्रम करवायें।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं. भरतपुर
o/c

# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)


रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–326 / 829-837 दिनांक :– 22-06-26

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधान के अनुसार मैसर्स राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेन्ट एण्ड कन्सट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 4/6 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे (पैकेज–4, व्याबर से भरतपुर एक्सप्रेसवे) (कुल लम्बाई 277.0 किलोमीटर) परियोजना के लिये (जिला भरतपुर के भाग हेतु) पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं।

उपर्युक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, द्वारा जारी अधिसूसना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है अतः समस्त सम्बन्धितों को इस नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त परियोजना की पर्यावरण स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई हेतु **दिनांक 30.07.2026 को 11.00 ए.एम. बजे, बांगड फील्ड बयाना तहसील बयाना जिला भरतपुर** में उपस्थित होकर सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, भरतपुर (e-mail – rorpcb.bharatpur@gmail.com) अथवा मुख्यालय, 04 संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

उक्त परियोजना से सम्बन्धित पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए.रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है।

1. कार्यालय जिला कलक्टर, भरतपुर।
2. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, भरतपुर।
3. मुख्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर।
5. कार्यालय उप खण्ड अधिकारी, तहसील बयाना, जिला भरतपुर।
6. कार्यालय पंचायत समिति, बयाना जिला भरतपुर।
7. परियोजना निदेशक, आर.एस.आर.डी.सी., भरतपुर।
8. अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, भरतपुर।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं. भरतपुर